भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: **3423**
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, **16** दिसंबर, 2024
**25** अग्रहायण,1946 (शक)

**प्राचीन वस्तुओं की बरामदगी**

**3423**. **श्री जगदम्बिका पाल:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हाल ही में अमेरिका से बरामद हुए 297 प्राचीन वस्तुओं का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने भारत की सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा और अवैध तस्करी को रोकने के लिए कोई उपाय किए हैं; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): पुरावशेष, भारत के महावाणिज्य दूतावास, न्यूयार्क के कार्यालय को पहले ही सौंप दिए गए हैं। 297 पुरावशेषों को अमेरिका से भारत भेजने के लिए मंजूरी आदेश जारी कर दिया गया है।
(ख) और (ग): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अपने अधिकार क्षेत्र के अधीन स्मारकों, स्थलों और पुरावशेषों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के नियमित पहरा और निगरानी स्टॉफ के अलावा निजी सुरक्षा गार्ड और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल आवश्यकतानुसार तैनात किए गए हैं। जब कभी किसी पुरावशेष के चोरी होने की सूचना मिलती है, तो संबंधित पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी सूचना रिपोर्ट की जाती है और चोरी हुए पुरावशेष को ढूंढने और इसके अवैध निर्माण को रोकने के लिए सीमा शुल्क निकास चैनलों सहित विधि प्रवर्तक एजेंसियों को 'लुक आउट नोटिस' जारी किया जाता है।

*****